# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
# UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT
Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527071
E-mail: udsplant@yahoo.com

क्रमांक/उ.दु.स./नस्ती क्रं. 27/यॉंत्रिकी/2021/ दिनांकः

## ई–निविदा प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा कार्य – उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के उज्जैन, संयंत्र में स्थापित ई.टी.पी. का संचालन एवं रख–रखाव कार्य बाबत्। | |
| 2. | ई–निविदा प्रपत्र का क्रय मूल्य | रू. 1,000/–<br>(रूपये एक हजार मात्र) |
| 3. | अमानत राशिः– | रू. 10,000.00 (रूपये दस हजार मात्र) |
| 4. | ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय प्रारंभ तिथि | दिनांकः 21.5.2021 दोपहर 02:00 बजे से |
| 5. | ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय अंतिम तिथि | दिनांकः 10.6.2021 दोपहर 02:00 बजे तक |
| 6. | तकनीकी प्रपत्र खुलने की तिथि एवं समय | दिनांकः 11.6.2021 दोपहर 02:00 बजे |
| 7. | वित्तीय प्रपत्र खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.6.2021 दोपहर 02:00 बजे |
| 8. | निविदा खुलने का स्थान | कार्यालय उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मक्सी रोड, उज्जैन– 456010 |
| 9. | पत्राचार हेतु पता | मुख्य कार्यपालन अधिकारी,<br>उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,<br>मक्सी रोड, उज्जैन–456010 (म.प्र.) |
| 10. | संलग्न प्रपत्र | परिशिष्ट– अ सामान्य नियम/शर्त<br>परिशिष्ट– ब निविदाकार के विवरण<br>परिशिष्ट– स दर प्रपत्र |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन

## परिशिष्ट–(अ)
## सामान्य नियम एवं शर्तें

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन के दुग्ध संयंत्र उज्जैन में स्थापित ई.टी.पी. (इंफ्लूयेन्ट ट्रीटमेन्ट प्लांट) के वार्षिक रखरखाव कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन के पास सुरक्षित रहेगा, जिसके संबंध में निविदाकारों को कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया जावेगा।

01– ई–निविदा प्रपत्र एम.पी. ई–टेण्डर के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर राशि रू. 1,000.00 (रूपये एक हजार मात्र) ऑनलाइन जमा कर दिनांक 21.5.21 से क्रय की जा सकती हैं।

03– निविदा प्रपत्र के दर प्रपत्र परिशिष्ट–(ब) एवं (स) को ऑनलाईन एम.पी. टेण्डर की वेबसाइट पर स्वयं प्रमाणित कर स्केन प्रति हस्ताक्षर/सील सहित अपलोड की जानी होगी।

04. प्रत्येक निविदाकार को अमानत राशि का ऑनलाइन भुगतान किया जाना होगा। प्रदेश के सूक्ष्म एवं लद्यु उद्योगों को निविदा में प्रतिभूति राशि के भुगतान में छूट रहेगी।

05. संयंत्र को आई.एस.ओ./एम.पी.पी.सी.बी. के नियम/शर्त एवं मापदण्डानुसार संचालित किया जाना है तथा वेस्ट पानी एवं उपचारित पानी का नमूना संयंत्र में स्थित प्रयोग शाला में टेस्टिंग हेतु उपलब्ध कराया जाना है।

06. प्रत्येक निविदाकार को आवश्यक अंर्हताओं के प्रमाण पत्र की स्वयं प्रमाणित प्रति स्केन कर एम.पी. टेण्डर की वेबसाइट पर अपलोड करना होगी।

07. प्रत्येक निविदाकार को परिशिष्ट–(ब) अनुसार समस्त जानकारी मय प्रमाण पत्र के निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।

08. प्रत्येक निविदाकार को निविदा प्रपत्र के साथ निम्नानुसार प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि स्केन कर अपलोड की जाना होगीः–

(अ) कर्मचारी भविष्य निधि (ई.पी.एफ.) पंजीकरण।
(ब) कर्मचारी राज्य बीमा (ई.एस.आई.) पंजीकरण।
(स) आयकर (पेन कार्ड) एवं जी.एस.टी. पंजीकरण।

09. म.प्र. प्रदूषण निवारण मण्डल से सामंजस्य बनाकर आवश्यकता पड़ने पर समस्याओं/प्रकरणों का निपटारा करने में मदद करनी होगी तथा समय–समय पर पानी का नमूना परीक्षण कर रिपोर्ट प्राप्त कर कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी।

10. मशीनों का प्रतिदिन रख–रखाव, ऑइल/ग्रीसिंग इत्यादि किया जाकर मशीनों का संचालन तथा किये गये रख रखाव कार्य का विवरण, उपयोग किये गये केमिकल एवं अन्य सामग्रियों का रिकार्ड एवं लॉग बुक संधारित कर संयंत्र में संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर कराया जाना आवश्यक है।

11. संयंत्र हेतु आवश्यक ऑइल/ग्रीस, केमिकल, स्पेयर्स इत्यादि सामग्री दुग्ध संयंत्र के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। ई.टी.पी. संचालक की यह कोशिश होना चाहिये की वह न्यूनतम रखरखाव व्यय में कार्य संपादित करें।

12. ऑपरेटरों एवं अन्य कर्मचारियों की पूर्ण सुरक्षा दायित्व के अतिरिक्त उनकी संयंत्र में आने–जाने का व्यय, प्रोविडन्ट फण्ड, ई.एस.आई. एवं अन्य वैधानिक दायित्व संचालनकर्ता का रहेगा। संयंत्र के प्रतिदिन शिफ्ट के समय अनुसार 08 घण्टे प्रति/शिफ्ट अनुसार ही ई.टी.पी. संचालित किया जाना है। म.प्र. शासन/आयुक्त, श्रम कार्यालय (जिला कलेक्टर) इत्यादि कार्यालयों से समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन एवं उक्त आदेशों के तहत ऑपरेटर्स/कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन भुगतान सुनिश्चित करना निविदाकार/ संचालनकर्ता का दायित्व रहेगा। दुग्ध संघ के संबंधित अधिकारियों के द्वारा मांगे जाने पर संबंधित दस्तावेज अवलोकनार्थ प्रस्तुत करना होगा।

13. प्रत्येक महीनें के भुगतान से शासन के नियमानुसार सर्विस टैक्स, टी.डी.एस. इत्यादि का कटौत्रा किया जायेगा, तथा प्रत्येक भुगतान, सत्यापन उपरान्त देयक प्राप्त होने के 10 कार्य दिवस के अन्दर किये जायेंगे। देयक एवं प्रत्येक महीने में किये गये कार्यों का विवरण सर्विस रिपोर्ट (पृथक से) दो प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा।

14. निविदा की अवधि कार्य आदेश में वर्णित दिनांक से तीन वर्ष हेतु रहेगी जिसे आपसी सहमति से एक–एक वर्ष कर आगामी दो वर्ष हेतु वृद्धि की जा सकेगी।

15. निविदाकार के द्वारा निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठों पर मुहर लगाकर हस्ताक्षर कर ऑनलाइन अपलोड करनी होगी।

16. सफल निविदाकार की अमानत राशि अनुबंध समाप्ति पर वापस की जावेगी, जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। द्वितीय न्यूनतम दर प्रस्तुतकर्त्ता की अमानत राशि सफल निविदाकार द्वारा कार्यग्रहण उपरांत एवं असफल निविदाकारों की अमानत राशि कार्य आदेश प्रसारित होने के उपरांत की जायेगी, जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

17— न्यूनतम दर प्रस्तुतकर्ता को कार्य आदेश जारी होने के 10 दिवस के अन्दर दुग्ध संघ के समस्त नियम शर्त पर कार्य करने की सहमति स्वरूप रु. 1,000.00 (रू. एक हजार मात्र) के मूल्य के नॉन जुडिशियल स्टॉम्प पेपर पर दुग्ध संघ के साथ अनुबंध निष्पादित कर नोटराइज्ड करानी होगी, जिस निविदाकार की दर अनुमोदित की जायेगी उनकी अमानत राशि सफल कार्य अवधि के उपरान्त वापस की जावेगी।

18– किसी भी विवाद हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन रहेगा।

19– किसी भी विवाद की स्थिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन का निर्णय अंतिम होगा एवं निविदाकार पर बंधनकारी होगा।

20– आर्बिट्रेशन

– किसी भी प्रकरण में सामग्री/सेवा प्रदायक एवं दुग्ध संघ के मध्यम विवाद की स्थिति निर्मित होने पर प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ भोपाल को प्रकरण हेतु प्रस्तुत जा सकेगा।

– निराकरण न होने की स्थिति में आर्बिट्रेशन एक्ट 1996 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
# UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT
Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527071,
E-mail: udsplant@yahoo.com


क्रमांक : उ.स.दु.सं./नस्ती क्रं. 27/यॉंत्रिकी/2021/ दिनांक

## परिशिष्ट--'ब'
### (निविदाकार का विवरण)

| | |
|---|---|
| निविदाकार/फर्म का नाम, | |
| पूरा पता | |
| दूरभाष/मोबाइल नंबर/<br>ई–मेल | |
| फर्म का मालिक/प्रोपराइटर का नाम | |
| पूर्ण पता | |
| फर्म का पंजीयन (प्रमाण पत्र– संलंगित करें) | |
| पेन नंबर | |
| जी.एस.टी.<br>(प्रमाण पत्र संलंगित करें) | |
| ई.पी.एफ पंजीकरण | |
| ई.एस.आई पंजीकरण | |

मैं/हम यह सत्यापित करता हूॅ कि, उपरोक्त समस्त जानकारी सत्य एवं मेरे परिपूर्ण जानकारी अनुसार हैं।

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील.........................................

निविदाकार का नाम एवं पता...............................................

मोबाईल नंबर...............................

ई–मेल आई.डी.. ............................

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
# UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456010, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527071
E-mail: udsplant@yahoo.com

**क्रमांक : उ.स.दु.सं./नस्ती क्रं. 27/यॉंत्रिकी/2021/** **दिनांक**

## परिशिष्ट--'स'
## दर प्रपत्र

Name of Firm ______________________________

| कार्य विवरण | स्थान | दर प्रति माह | जी.एस.टी. | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| उज्जैन दुग्ध संयंत्र के इफ्लूएन्ट ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (ई.टी.पी.) के संचालन, समन्वय एवं रख रखाव कार्य | उज्जैन संयंत्र मक्सी रोड़ (03 शिफ्ट हेतु) | रू. .................... | रू. .............. | रू. ............. |

नोट – केवल ऑनलाइन ही भरा जावे।